# शक्तिवर्धक दवाओं के नाम पर युवा खरीद रहे बीमारी

## भस्म के नाम पर राख और चूर्ण में पिसी हुई पत्तियां, विभाग की जांच में खुली आयुर्वेदिक दवाओं की पोल

चंद्रभान यादव



लखनऊ। प्रदेश में शक्तिवर्धक दवाओं के नाम पर युवा पेट की बीमारी हासिल कर रहे हैं। आयुर्वेदिक दवाओं में भस्म की जगह राख और चूर्ण में पिसी हुई सामान्य पत्तियां पाई गई हैं। यह खुलासा आयुर्वेद विभाग की राजकीय औषधि परीक्षण प्रयोगशाला में विभिन्न जिलों से आए सैंपल में हुआ है। अब आयुर्वेद निदेशक ने सभी क्षेत्रीय आयुर्वेदिक व यूनानी अधिकारियों को दवाओं की जांच के लिए अभियान चलाने का निर्देश दिया है।

प्रदेश भर में अप्रैल 2018 से मार्च 2022 तक आयुर्वेद विभाग की राजकीय औषधि परीक्षण प्रयोगशाला में 192 सैंपल भेजे गए। इसमें 11 जांच योग्य नहीं न होने पर लौटा दिए गए जबकि जिला स्तर से अधिकृत पत्र नहीं होने की वजह से 11 को लंबित कर दिया गया। दो सैंपल रिजेक्ट हो गए। शेष 170 सैंपल में सिर्फ 40 गुणवत्तायुक्त पाए गए।

सूत्रों का कहना है कि गुणवत्ताविहीन पाए जाने वाली दवाओं में ज्यादातर शक्तिवर्धक दवाएं हैं। इसमें भस्म में राख मिली है। उसमें कोई पौष्टिक तत्व नहीं थे। इसी तरह चूर्ण में भी संबंधित दवा पैकेट पर दर्ज तत्व नहीं थे। चूर्ण में पिसी हुई पत्तियां पाई गई हैं। इसी तरफ सीरप में सिर्फ सीरा पाया गया है। दर्द निवारक दवाओं में साधारण तेल व कपूर मिला हुआ था। यही हाल अन्य दवाओं का भी है। खास बात यह है कि अधोमानक पाई गई ज्यादातर दवाएं प्रदेश के अलग-अलग जिलों में चलने वाले ग्रामोद्योग की हैं। कुछ दवाएं पंजाब निर्मित भी हैं। कुछ दवाएं झांसी और ग्वालियर में बनने वाली आयुर्वेद दवा कंपनी के भी हैं। लैब प्रभारी ने सभी अधोमानक दवाओं के बारे में आयुर्वेद निदेशालय के साथ संबंधित जिले के क्षेत्रीय आयुर्वेदिक व यूनानी अधिकारी को पत्र भेजा है।

### क्या कहते हैं जिम्मेदार

जो दवाएं अधोमानक पाई गई हैं, उनके निर्माता को नोटिस भेजा गया है। भविष्य में ऐसे समस्या न आए, इसके लिए सभी जिलों में विभागीय अधिकारी जांच कर रहे हैं। अब दवा निर्माण के लिए लाइसेंस प्रणाली में बदलाव किया गया है। निर्माण इकाई में एक डॉक्टर और तीन टेक्निकल स्टॉफ रखना अनिवार्य कर दिया गया है। पांच साल में संबंधित दवा का गुड मैनिफेस्टो प्रैक्टिसेज करानी होगी। ऐसे में अधोमानक दवाएं बाजार में नहीं आएंगी।
-डॉ. एसएन सिंह, निदेशक आयुर्वेद

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ

आयुर्वेद में दो तरह की दवाएं हैं। इसमें पेटेंट और शास्त्र के अनुसार बनती हैं। रस औषधि के बनाने की विधि व मात्रा में चूक नहीं होनी चाहिए। भस्म पकाने की विधि है। यह कच्चा रहने पर नुकसानदेह होता है। अगर भस्म की जगह मरीज लंबे समय तक राख ले रहा है तो उसे पेट की बीमारी होना तय है। -डॉ. विजय सेठ, वरिष्ठ आयुर्वेद विशेषज्ञ


amarujala.com

**पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि.**

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना :- निविदा विशिष्टीकरण संख्या:-18 वि0जा0वि0मं0/ मेरठ /2022-23:- हाईडिल कालोनी, विक्टोरिया पार्क मेरठ की जेल चुंगी चौराहे से सूरज कुण्ड पार्क को जाने वाली सड़क किना[रे] स्थित क्षतिग्रस्त चाहरदीवारी निर्माण कार्य । निविदा मूल्य रू0 1,180.0[0] (जी0एस०टी0 सहित) धरोहर धनराशि रू0 7,600.00। निविद[ा] विशिष्टीकरण संख्या:-19,/ वि0जा0वि0मं0/ मेरठ /2022-23:-33 /1[1] के०वी० विद्युत उपकेन्द्र नंगला पातू, जिला मेरठ की क्षतिग्रस्त चाहरदीवारी क[ी] मरम्मत एवं निर्माण कार्य। निविदा मूल्य रू0 1,180.00 (जी0एस0टी0 सहित) धरोहर धनराशि रू0 9,500.00। निविदा विशिष्टीकरण संख्या :-20, वि0जा०वि0मं0 / मेरठ / 2022-23 :- विक्टोरिया पार्क, मेरठ स्थित प्रबन्ध निदेशक विस्तार कार्यालय भवन एवं ऊर्जा भवन की वाह्य रंगाई-पुताई, शीशे के पैनलों की सफाई एवं विशेष मरम्मत कार्य। निविदा मूल्य रू0 1,180.00 (जी0एस0टी0 सहित) धरोहर धनराशि रू0 5,900.00। उपरोक्त सम्बन्धित कार्यों हेतु अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रित है जिसकी अन्तिम तिथि दिनांक 06.06.2022, समय दोपहर 12.00 बजे तक एवं निविदा के प्रथम भाग खोलने की तिथि दिनांक 06.06.2022, समय दोपहर 15.00 बजे के पश्चात है। विस्तार से सभी जानकारी एंव संशोधन अथवा निविदा खुलने की तिथि में विस्तार होता है तो इसकी सूचना हेतु www.pvvnl.org एंव E-Tendering website www.etender.up.nic.in पर लॉग ऑन करें। अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत जानपद वितरण मण्डल, मेरठ। विद्युत हेल्पलाईन : 1800-180-3002 (मेरठ), 'राष्ट्र हित में बिजली बचाएं।'
पत्रांक : 564, दिनांक 14.05.2022



**ARMY PUBLIC SCHOOL**
**NEAR CANTT RLY STATION, MEERUT CANTT**
**Tele No. 0121- 2970133 Email : apsmeerut559@gmail.com**

**TENDER NOTICE**

1. Separate sealed tenders are invited from experienced, financially sound and reputed agency, firms/contractors for following Project/Works to Army Public School, Meerut Cantt.

| Ser. No. | Name of Work | Earnest Money | Last Date of submission of Tender |
|---|---|---|---|
| (a) | Purchase & installation alongwith necessary accessories of 2 Ton Split AC 3 Star Qty- 10 (SW) | Rs.20,000/- | 31 May 2022 at 1100 hrs |
| (b) | Purchase of wooden student furniture (Dual Desk-118 & Chair 238) (SW) | Rs.20,000/- | |
| (c) | Replacement of Existing Domestic Kent RO with 50 LPH Commercial RO water Purifier (SW) | Rs.20,000/- | |
| (d) | Establishment of AI Lab (20 Systems with software) (SW) | Rs.50,000/- | |
| (e) | Purchase of Steel Cupboards (PW) | Rs.20,000/- | 30 May 2022 at 1100 hrs |
| (f) | Purchase of Dustbins (PW) | Rs.10,000/- | |
| (g) | Installation of Centralized 6 KVA online UPS (PW) | Rs.10,000/- | |
| (h) | Renovation of wooden Racks to Cupboards : Adm Office (PW) | Rs.10,000/- | |
| (i) | Equipment for Open Gym (PW) | Rs.10,000/- | |

2. Tender forms along with various details, terms and conditions can be obtained from school Website (www.apsmeerut.com) & school office @ Rs. 500/- (Non refundable) on any working day between 1000 hrs to 1300 hrs. Contenders download tender form online are required to submit a demand draft of Rs 500/- in favour of Army Public School, Meerut Cantt separate as tender form fee
3. The applicant will also submit a Demand draft (only) in favour of **Army Public School, Meerut Cantt** as earnest money along with the tender form. The earnest money will be refunded to those contenders who do not get contract
4. For more details you may visit School office at any working day between 1000 hrs to 1300 hrs.

**Principal, Army Public School, Meerut Cantt**